# FARIDABAD

## विद्यार्थियों के लिए सतयुग दर्शन का भ्रमण का किया आयोजन

(Kiran Kathuria) www.bharatdarshannews.com Wednesday,08 December , 2021)

Faridabad News, 08 December 2021 (bharatdartshannews.com) : बीकॉम फाइनल ईयर के विद्यार्थियों के लिए सतयुग दर्शन का भ्रमण का आयोजन किया गया। अग्रवाल कॉलेज बल्लबगढ़ प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने शैक्षणिक भ्रमण किया। प्राचार्य जी ने बताया कि विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के साथ-साथ अच्छे चरित्र का निर्माण होना भी परम आवश्यक है। जिसमें उनके चरित्र का निर्माण हो सके। ट्रिप इंचार्ज डॉ. रेखा सैन विद्यार्थियों के लिए इस भ्रमण का आयोजन किया ताकि विद्यार्थी सीख सकें की अपना लक्ष्य प्राप्ति करने के लिए किस तरह से ध्यान लगाया जाए। सतयुग दर्शन का उद्देश्य भी यही है कि मनुष्य जब अपने से अधिक बुद्धिमान, गुणवान, विद्वान और चरित्रवान व्यक्ति के संपर्क में आता है तो उसमें स्वयं ही इन गुणों का उदय होता है। विद्यार्थी ध्यान कक्ष में भी गए और उन्होंने उसका आनंद लिया । विद्यार्थियों ने सतयुग दर्शन के भ्रमण से सीखा कि हमें कैसे भी समाज में क्यों ना रह रहे हो हमें अच्छा ही चुनना है तभी अच्छे बन सकते हैं। इसमें करीब 50 विद्यार्थियों ने इस का लुफ्त उठाया और मस्ती भी की विद्यार्थियों के साथ डॉ. डिंपल, श्रीमती प्रतिज्ञा, सुश्री शानू त्यागी व सुश्री प्रीति भी मौजूद थे।




